# सारण समाहरणालय, छपरा

(जिला कल्याण शाखा)

## -: सूचना :-

**प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र**

**अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग**

पुराना जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा डाक बंगला रोड सारण–841301

## अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के इन्टर/स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए रेलबे/एस0एस0सी0/बैकिंग परीक्षाओं में चयनित होने के लिए परीक्षा पूर्व निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त हेतु आवेदन-पत्र आमांत्रण

राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए सारण में प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, पुराना जयप्रकाश विश्वविद्यालय, सारण में संचालित है। वर्तमान वर्ष 2025 में द्वितीय बैच SSC/RRB/BANKING के लिए 60 सीट, हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। उपलब्धता के आधार पर महिलाएँ एवं दिव्यांगो को क्रमशः 35% एवं 3% की वरीयता दी जायेगी।

- छात्र–छात्राओं का चयन सामान्य अध्ययन विशय के बहुबैकल्पिय लिखित परीक्षा के माध्यम से मेधा सूची के आधार पर किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान आवास की व्यवस्था नहीं है।
- प्रशिक्षण की अवधि छः माह (अक्टुबर–2025 से मार्च–2026 तक)

**छात्र–छात्राओं की पात्रता–**

- बिहार राज्य के निवासी हों, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति इन्टर/स्नातक उर्त्तीण सदस्य हों, आवेदक/आवेदिका के अभिभावक की वार्षिक आय (अद्यतन) रू. 2.50 लाख (दो लाख पचास हजार रूपये) से कम हो।

**छात्रवृति :–**

- राज्य सरकार के द्वारा प्रति माह 75 प्रति त उपस्थिति के आधार पर जिले के निवासी को स्थानीय निवासी मानते हुए 1500 रू. (एक हजार पाँच सौ रू. मात्र) प्रति माह तथा जिला के बाहर निवास करने वाले अभ्यर्थी को 3000 रू. (तीन हजार रू. मात्र) प्रति माह के दर से देय होगा।

**आवेदन कैसे करें :–**

- आवेदन– पत्र का निम्नांकित विहित प्रारूप, जन्मतिथि, शैक्षणिक योग्यता, जाति, आय एवं आवास प्रमाण पत्र के साथ स्वपतायुक्त लिफाफा, 40रू. के डाक टिकट एवं तीन फोटो (पासपोर्ट साईज) संलग्न कर निदे क, प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, पुराना जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा डाक बंगला रोड पिन कोड–841301 को निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा भेज सकते है। विद्यार्थी स्वंय भी संबंधित केन्द्र के कार्यालय में आवेदन–पत्र जमा कर सकते है।

**आवेदन– पत्र का प्रारूप :–**

1. आवेदक का नाम, 2. पिता/पति का नाम, 3. जन्मतिथि, 4. कोटि, 5. जाति, 6. भौक्षणिक योग्यता, 7. स्थायी पता, 8. पत्राचार का पता, 9. परिवार की वार्षिक आय (अद्यतन छः माह से पूर्व का न हो), 10. किसी प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने का विवरण (यदि हो तो), 11. मोबाईल नम्बर, 12. तीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित शैक्षणिक योग्यता का अंक प्रमाण–पत्र, जन्म तिथि प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

| | | |
|---|---|---|
| **आवेदन की अंतिम तिथि** | :– | विज्ञापन प्रकाशित होने के बाद 12वें दिन तक होगी। |
| **परीक्षा की सम्भावित तिथि** | :– | विज्ञापन प्रकाशित होने के 15वें दिन होगी। |
| **प्रशिक्षण की तिथि** | :– | अक्टुबर–2025 से प्रारम्भ |
| **प्रशिक्षण–व–परीक्षा शुल्क** | :– | **नि:शुल्क** |

**प्रशिक्षण–व–नामांकन संबंधी विशेष जानकारी हेतु निदेशक, प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र सारण दूरभाष सं0–6202519274 से प्राप्त किया जा सकता है।**

**जिला अनु0 जाति एवं जनजाति कल्याण पदाधिकारी सारण (छपरा)**

PR. No. 014842 (Welfare) 2025-26

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

**गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।**